दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

•डिजिटल संस्करण मुंबई से प्रकाशित•  •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

वर्ष : 11 • डिजिटल अंक : 50 • मुंबई,मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • निःशुल्क •

## झारखंड में बड़ा घोटाला: मंत्री और आईएएस के करीबियों के यहां ईडी ने की छापेमारी




**रांची ।** झारखंड में पेयजल स्वच्छता विभाग में घोटाले को लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां के मंत्री और आईएएस के करीबियों पर शिकंजा कसते हुए करीब 20 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारे हैं। सभी ठिकाने आईएएस मनीष रंजन और मंत्री मिथलेश ठाकुर से जुड़े हैं। बरियातू स्थित आईएएस मनीष रंजन की बहन के घर पर भी ईडी की छापामारी हुई है। आईएएस मनीष रंजन के अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के यहां छापामारी हुई है। जल जीवन मिशन में अनियमितता से मामला जुड़ा है।

झारखंड में पेयजल स्वच्छता विभाग में घोटाले को लेकर ईडी ने 20 ठिकानों पर छापामारी की है। बरियातू स्थित आईएएस मनीष रंजन की बहन के घर को ईडी खंगालने में जुटी है। इसके अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के घर पर छापामारी हुई है।

पेयजल स्वच्छता विभाग में घोटाले को लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी ने प्रदेश में 20 ठिकानों पर छापामारी की है। सभी ठिकाने आईएएस मनीष रंजन और मंत्री मिथलेश ठाकुर से जुड़े हैं।बरियातू स्थित आईएएस मनीष रंजन की बहन के घर पर भी ईडी की छापामारी हुई है।आईएएस मनीष रंजन के अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के यहां छापामारी हुई है। जल जीवन मिशन में अनियमितता से मामला जुड़ा है। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को छापा मारा। सूत्रों के अनुसार, छापेमारी कुछ बिजनेसमैन, एक मिनिस्टर के क्लेरिकल स्टाफ और ब्यूरोक्रेट्स के ठिकानों पर हुई। बताया जा रहा है कि एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट की झारखंड में यह छापेमारी जल जीवन मिशन से जुड़े एक्सटॉर्शन रैकेट मामले में है।एक्सटॉर्शन रैकेट से जुड़े इस केस में ईडी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच कर रही है। बताया गया है कि ईडी की एक टीम ने रांची में भी करीब 20 ठिकानों पर रेड डाली।

## महिला से दुष्कर्म और मारपीट के आरोपी को जावरमाइन्स पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव ने घटना की जानकारी मिलते ही जावरमाइन्स थानाधिकारी पवन सिंह को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। थानाधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए अलग-अलग टीमों का गठन किया। सलुम्बर-उदयपुर रोड पर सीसीटीवी फुटेज और आस-पास की जानकारी जुटाकर महज 1 घंटे में आरोपी की पहचान की गई।

महिला ने 11 अक्टूबर की शाम को रिपोर्ट दी थी कि सफेद बोलेरो चालक ने उसे उदयपुर छोड़ने के बहाने गाड़ी में बिठाया और सुनसान इलाके में ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सहायता और आसूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली। अभियुक्त, जो शातिर प्रवृत्ति का है, घटना के बाद सलुम्बर की ओर भाग गया और रिश्तेदार के यहां छिपा रहा। पुलिस ने विशेष सूचना के आधार पर उसे कुछ घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस टीम में बालकृष्ण, सहायक उप निरीक्षक, नारायणलाल, हेड कांस्टेबल, जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल, रक्षपाल, कांस्टेबल, चौकी पलोदड़ा, महेन्द्र कुमार, कांस्टेबल, शामिल रहे



## नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, नाबालिग को किया दस्तयाब

**प्रतापगढ़ जिले में थाना अरनोद पुलिस की कार्रवाई**



पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले की अरनोद थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर मारपीट व दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त भवंरलाल भील पुत्र रमेश (24) निवासी लेकोडिया थाना खाचरोद को गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग को 11 अक्टूबर को उज्जैन से दस्तयाब किया जा चुका है।

एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि 1 दिसंबर 2023 को थाना अरनोद क्षेत्र निवासी नाबालिग के पिता ने अज्ञात बदमाशों द्वारा बेटी के अपहरण कर ले जाने की रिपोर्ट थाना अरनोद पर दर्ज कराई थी। मामले में नाबालिग व आरोपी की तलाश के लिए सीओ चन्द्रोखर पालीवाल के मार्गदर्शन व थानाधिकारी अरनोद चन्दवीर सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

मामले में गठित टीम द्वारा लगातार नाबालिग की तलाश की गयी। आसूचना तंत्र तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 11 अक्टूबर को अपहर्ता को उज्जैन से दस्तयाब कर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाकर कथन लेखबद्ध किये गये। नाबालिग को माता पिता के सुपुर्द किया गया।

पीड़िता के साथ मारपीट, अपहरण व दुष्कर्म की घटना करने वाले अभियुक्त भवंरलाल भील को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह व कांस्टेबल दिनेश कुमार की विशेष भूमिका रही। टीम में एसएचओ चन्द्रवीर सिंह, एएसआई सोहन सिंह, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह व प्रहलाद थाना अरनोद तथा साइबर सेल से कांस्टेबल रमेश चन्द्र व सुश्री ऋतुराज शामिल थे।

## करौली जिले में थाना सदर पुलिस ने फायरिंग कर हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**आरोपी फायरिंग कर इलाके मे दशहत फैलाने का कर रहे थे प्रयास, घटना के महज 5 दिन में गिरफ्तार**

पदमावत मीडिया

**जयपुर/करौली ।** करौली जिले में थाना सदर इलाके के कोंडर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर फायरिंग कर हत्या के प्रयास करने के मामले में पुलिस ने घटना के महज 5 दिनों के अंदर दो आरोपियों विष्णु राम मीना पुत्र सिरमौहर निवासी गढ़ी बांधवा थाना सदर हिंडौन एवं मनोज उर्फ मोनू मीना पुत्र हंसराज निवासी टोकसी थाना कोतवाली गंगापुर सिटी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि 8 अक्टूबर को जिले के सामान्य अस्पताल के ट्रोमा वार्ड में भर्ती राहुल मीना पुत्र फूलसिह (19) निवासी कोंडर ने पर्चा बयान दिया कि आज करीब 12 बजे मैं कटिंग कराने के लिए कोंडर मोड आया था। जहां एक बोलेरो गाड़ी आकर मेरे पास रुकी। जिसमे से अन्नू मीना पुत्र हरीचरण मीना निवासी कोंडर, विष्णु मीना निवासी गढी गांवडा थाना सदर हिण्डौन, सौरभ उर्फ सुक्का मीना पुत्र रामलखन मीना निवासी कांकोटियान पुरा थाना लांगरा हाल वैशाली नगर करौली व दो अन्य व्यक्ति और एक बिना नम्बरी बाइक पर दो अनजान व्यक्ति आये।

लेनदेन की पुरानी रंजिश को लेकर सभी लोगों ने मुझे पकड़ लिया और विष्णु ने मेरे सीने पर कट्टा अडा दिया। ये लोग मुझे जबरन ले जाने लगे। मैने छुड़ाने की कोशिश की तो अन्नू मीना ने जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर किया जो मेरे दाहिने पैर के घुटने के पीछे लगा। मेरी रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर मेरा चाचा विजय मीना, चचेरा भाई सचिन एवं गांव के अन्य लोग आ गये। उनको देखकर आरोपी बाजरे के खेतों में भाग गये तथा एक बोलेरो गाडी लेकर मौके से भाग गया। पर्चा बयान पर मुकदमा दर्ज कर अनुसधान एएसआई हरफूल सिहं द्वारा प्रारम्भ किया गया।

फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैलाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी उपाध्याय द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा व सीओ अनुज शुभम के सुपरविजन में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा आरोपियों की तलाश जगह जगह की गयी। रविवार को गश्त के दौरान एएसआई हरफूल सिंह को मुखबिर से मिली सूचना पर वांछित मुल्जिम विष्णु राम मीना को गढी बांधवा स्टैण्ड से एवं मुल्जिम मनोज उर्फ मोनू मीना को गंगापुर मोड से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।



मुल्जिमों के कब्जे से अवैध हथियार की बरामदगी एवं घटना में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। मुल्जिम वर्तमान मे पुलिस अभिरक्षा मे चल रहे हैं।इस कार्रवाई में कांस्टेबल धवल सिंह की विशेष भूमिका रही। टीम में एएसआई हरफूल सिंह, सतीश व नरेश शामिल थे।

## सहायक आचार्य - हिंदी (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती - 2023

पदमावत मीडिया

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के अन्तर्गत हिंदी विषय के 214 पदों हेतु द्वितीय चरण के साक्षात्कार का आयोजन 4 से 22 नवंबर 2024 तक किया जाएगा आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार--पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

## बच्चों ने देखी विधान सभा; लोकतंत्र पर गर्व की अनुभूति करें - श्री देवनानी

### विधान सभा अध्यक्ष ने राजनैतिक आख्यान संग्रहालय के बारे में बताया बच्चों को

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी की पहल पर राज्य के विभिन्न जिलों के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर जयपुर आकर राजस्थान विधान सभा और राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन कर ज्ञानवर्धन कर रहे है। डीडवाना-कुचामन जिले की कुचामन सिटी के बी. आर. खोखर मेमोरियल शिक्षण संस्थान के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्रा और शिक्षक ने सोमवार को राजस्थान विधान सभा आये। विधान सभा जन दर्शन के तहत विधान सभा को देखा और अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी से मुलाकात की।

श्री देवनानी ने बच्चों से परिचय लिया। उनके विद्यालय, पढाई और खेल गतिविधियों की जानकारी ली। श्री देवनानी ने कहा कि बच्चे पढे, आगे बढ़े और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि राष्ट्र प्रथम है। हमारे कार्यों में राष्ट्र प्रथम की भावना सदैव होनी चाहिए। श्री देवनानी ने कहा कि लोकतंत्र पर गर्व की अनुभूति करें।

अध्यक्ष श्री देवनानी ने इस वर्ष 18 मई से राजस्थान विधान सभा जन-दर्शन कार्यक्रम आरम्भ किया था। इस कार्यक्रम के तहत आमजन



प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक विधान सभा के द्वार संख्या 7 से आधार कार्ड की फोटो प्रति जमा कराकर विधान सभा में प्रवेश कर राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन कर सकते है।

श्री देवनानी ने बताया कि विधान सभा जन-दर्शन के तहत आमजन का विधान सभा से जुडाव को बढावा मिल रहा है। राजस्थानी शैली व विशिष्ट वास्तु कला का दिग्दर्शन कराने वाली विधान सभा की अनूठी ईमारत में देश, प्रदेश के आमजन, शोधार्थी, पर्यटक और विद्यार्थी आसानी से भ्रमण कर राज्य के राजनैतिक परिदृश्य की जानकारी का लाभ उठा रहे है। विधान सभा जन-दर्शन के तहत अभी तक 7416 लोगों ने विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन किया है।

## धारदार छुर्रे के साथ आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर अवैध हथियारों की धरपकड़ अभियान में थाना हथुनिया के थाना प्रभारी इन्द्रजीत परमार के नेतृत्व में अभियुक्त महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया। गश्त के दौरान, सहायक उप निरीक्षक रामचंद्र और उनकी टीम को सूचना मिली कि बजरंगगढ़ गांव में एक व्यक्ति नंगी छुरी लहराकर लोगों को डरा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महेन्द्र सिंह (27) को पकड़ा, जिसके पास से धारदार छुर्रा बरामद हुआ। अभियुक्त के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



पुलिस टीम में इन्द्रजीत परमार, थाना प्रभारी,रमेशचंद्र, सहायक उप निरीक्षक,मुकेश कुमार, कांस्टेबल,गिरीशचंद्र, कांस्टेबल,अनोप कुमार, कांस्टेबल शामिल रहें...

## गुरुधाम प्रेमनगर में शरद पूर्णिमा का दो दिवसीय विशाल मेला, निकलेगी भव्य शोभायात्रा



शिशवी में मेले का भूमि पूजन करते हुए व बैठक करते हुए

पदमावत मीडिया

**पाणुन्द ।** निकटवर्ती प्रेमनगर गुरुधाम शिशवी में शरद पूर्णिमा महा महोत्सव मनाया जा रहा है। शिष्य कमलेश औदिच्य ने बताया की शरद पूर्णिमा महोत्सव के तहत गुरुधाम में श्री 1008 महंत मनोहर गिरधारीदास महाराज महात्यागी के सानिध्य में दो दिवसीय 16 व 17 अक्टूबर विशाल मेले का आयोजन कल बुधवार से शुरू होगा। दो दिवसीय मेले को भव्य रुप देने के लिए आयोजक श्री 108 पंचमुखी बालाजी विकास समिति की बैठक रखी गई। जिसमें सभी सदस्यों को बिजली, छाया-पानी, पार्कींग सहित सभी कार्यों की व्यवस्था सौंपी गई। पंचमुखी बालाजी विकास समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी ने बताया की दो दिवसीय मेले में पहले दिन कल 16 अक्टूबर बुधवार को सुबह 8 बजे मेले का शुभारंभ किया जाएगा। जिसके बाद दोपहर 2 बजे ओम गुरुदेव की भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। शाम को ठाकुर जी को चंद्रमा की शरद में बिठाया जाएगा। शाम 7 बजे डांडिया रास नृत्य और खीर का का प्रसाद वितरित किया जाएगा। मेले के दूसरे दिन शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मेले में सभी प्रकार की स्टॉले, डोलर चकरी आकर्षक का केंद्र रहेगी, जो लगना शुरू हो गई है। दो दिवसीय मेले को लेकर सोमवार को भुमि पूजन भी किया गया। इस दौरान श्री 108 पंचमुखी बालाजी विकास समिति के संरक्षण महंत मनोहर गिरधारी दास महात्यागी, अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी, उपाध्यक्ष शांतिलाल जोशी, कोषाध्यक्ष चंद्रभान सिंह, सदस्य दलपत सिंह सारंगदेवोत, गोवर्धन प्रजापत, गुरुधाम सेवा समिति अध्यक्ष मांगीलाल मीणा, उपाध्यक्ष मांगीलाल मीणा, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र मीणा, राजेंद्र सिंह, नंदलाल मीणा, शिवलाल, भुरालाल, लाल मीणा, पंकज पटेल सहित सदस्य मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता हेतु ई.एल.सी. की बैठक के साथ केम्पस ऐम्बेसेडर किए नियुक्त



पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** विधानसभा क्षेत्र सलूम्बर 156 के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डावत एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. मयूर शर्मा के निर्देशन में संचालित स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में ई.एल.सी. की बैठक का आयोजन किया गया एवं मतदाता जागरूकता को बढ़ाने के लिये केम्पस ऐम्बेसेडर की नियुक्ति की गई। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सराडा में संस्था प्रधान पी.डी. राजोरा की अध्यक्षता में ई.एल.सी. की बैठक रखी गई। जिसमें साक्षी मीणा एवं फैजल बैग मिर्जा को केम्पस ऐम्बेसेडर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डी. आर. मीणा एवं सभी छात्र सदस्य उपस्थित रहे। सलूम्बर स्थित राजकीय हाडारानी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डा. मुकेश चौहान एवं ई.एल.सी. नोडल अधिकारी डा. फिरोज मोहम्मद शेख के मार्गदर्शन में ई.एल.सी. की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया एवं अध्ययनरत 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र छात्राओं को शत प्रतिशत मतदाता रजिस्ट्रेशन करवाने का लक्ष्य रखा गया। प्रेम कुमारी मीणा एवं सुजल जैन को केम्पस ऐम्बेसेडर नियुक्त कर मतदाता जागरूकता में उनकी भूमिका के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कॉलेज स्वीप प्रभारी टीकमचंद सोयल, परमेश्वरलाल, डॉ. कपिल धवन एवं सभी ई.एल.सी सदस्य विद्यार्थी उपस्थित रहें। सांवरिया कॉलेज में संस्था प्रधान डॉ. विशाल चौबीसा ई.एल.सी. नोडल अधिकारी जयेश चौबीसा एवं ई.एल.सी. छात्र सदस्यों की उपस्थिति में ई.एल.सी. की बैठक रखी गई तथा योगेश गांछा एवं विवेक मेघवाल को केम्पस ऐम्बेसेडर नियुक्ति किया गया।

## दो दिवसीय शरद पूर्णिमा मेला आयोजन का भुमि पुजन सम्पन्न

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शहर के उपनगरीय क्षेत्र के गांव शिशवी गुरुधाम प्रेम नगर गुरुदेव मनोहर दास के आशीर्वाद से हर वर्ष कि भाती इस वर्ष भी शरद पुर्णिमा पर दो दिवसीय मेले का आयोजन होनै जा रहा है जिसका आज भुमि पुजन किया गया यह मेला 17 व 18 अक्टूबर तक चलेगा। दिनेश औदिच्य ने बताया कि जिसमें बच्चों के खैलनै के लिए खिलोनै झुलै ओर विशैष तरह कै आयोजन होंगे यह आयोजन गुरुधाम सैवा सिमीति कै सहयोग से किया जाता है ओर यहां आस पास कै जनता भाग लेती है यह मेला बहुत हि विशाल रुप ले रहा है जहां हजारों कि संख्या में लोग भाग लै



रहे हैंभुमी पुजन में 108 श्री पंचमुखी बालाजी विकास सिमीति के संरक्षण महंत मनोहर गिरधारी दास महात्यागी अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी उपाध्यक्ष शान्ति लाल जोशी कोषाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह सदस्य दलपत सिंह गोवर्धन प्रजापत गुरुधाम सैलाब समिति के अध्यक्ष मांगीलाल मीणा उपाध्यक्ष मांगीलाल कोषाध्यक्ष केलाश चन्द्र मीणा मंत्री राजेंद्र सिंह नन्दलाल मीणा शिवलाल भुरालाल लाल पंकज पटेल सभी सदस्य मौजूद रहे।

## सीसवाली के नायब तहसीलदार 8 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** एंटी करप्शन ब्यूरो की बारां इकाई ने नायब तहसीलदार बाबूलाल गोचर को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गोचर पर आरोप है कि उन्होंने एक दुकान का अतिक्रमण हटाने का मामला रफा-दफा करने के लिए रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन ब्यूरो के उप महानिरीक्षक शिवराज मीणा के सुपरवीजन में, बारां इकाई के उप अधीक्षक प्रेमचंद मीणा ने ट्रैप कार्रवाई की। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच जारी है।

## प्रतापगढ़ जिले में सड़क मरम्मत कार्य की प्रगति
## अतिवृष्टि से प्रभावित सड़कों और पुलियाओं की शीघ्र होगी मरम्मत

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़** । एसई पीडब्ल्यूडी ने बताया की जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीन लगभग 2800 किमी लंबाई की सड़कें हैं, जिनमें से 442 किमी की सड़कें गारंटी अवधि में हैं। इन सड़कों की मरम्मत का कार्य संबंधित संवेदक द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है।

हाल ही में, राज्य सरकार ने लगभग 560 किमी लंबाई की अन्य क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए एसडीआरएफ के तहत 316.17 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। इन कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं, हालांकि बरसात के कारण कार्य की प्रगति में कुछ बाधा आई है।

अत्यधिक बरसात से प्रभावित 22 सड़कों की स्थाई मरम्मत के लिए राज्य सरकार ने 21.29 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की है। इन सड़कों के टेण्डर प्रक्रियाधीन हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, जिले में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुई 27 पुलियाओं की मरम्मत के लिए 7.73 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनके टेण्डर भी प्रक्रियाधीन हैं और निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।

## समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहे संगठन - आकाश बागड़ी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की ओर से रविवार शाम को दो दिन पूर्व खटीक समाज के युवक की एक्सीडेंट में मौत होने पर नि» शुल्क एम्बेलेंस सेवा के माध्यम से मदद करते हुए युवक का शव उसके गांव पहुंचाया। श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि 13 अक्टूबर रविवार को मंदसौर निवासी रक्तदाता रवि खटीक का फोन आया कि मंदसौर अखियां खेड़ी निवासी गजेंद्र खटीक का एक्सीडेंट गया है जिसे उदयपुर के एमबी हॉस्पीटल



में भर्ती करवाया गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। आर्थिक स्थिति से कमजोर परिवार होने के कारण श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी एवं संस्थापक जय निमावत के नेतृत्व में नि» शुल्क एम्बुलेंस कराकर महाराणा भूपाल चिकित्सालय मोर्चरी से युवक के शव को मंदसौर अखियां खेड़ी गांव भेजा गया एवं शोक संप्तित परिवार को हिम्मत देकर हमेशा उनके साथ होने का आव्हान किया। इस दौरान अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने कहां कि समाज की सेवा के लिए संगठन को हमेशा तत्पर एवं तैयार रहना होगा। समाज की सेवा ही परोपकार है। इस अवसर पर श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, संस्थापक जय निम्मावत, राष्ट्रीय महासचिव पीसी चावला, जिलाध्यक्ष केशुलाल डीडवानीया, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश चावला आदि मौजूद रहे।

# तप में इतनी शक्ति है कि कई अशुभ कर्म भी समाप्त कर देता है - बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी

## मुनिश्री का पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट सहित हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान

### चातुर्मासिक प्रवचन के साथ नित्य नियम पूजन व जलाभिषेक

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । गोवर्धन विलास हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित गमेर बाग धाम में श्री दिगम्बर जैन दशा नागदा समाज चेरिटेबल ट्रस्ट एवं सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गणधराचार्य कुंथुसागर गुरुदेव के शिष्य बालयोगी युवा संत मुनि श्रुतधरनंदी महाराज, मुनि उत्कर्ष कीर्ति महाराज, क्षुल्लक सुप्रभात सागर महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन वर्षावास के आयोजन की धूम जारी है। सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, महामंत्री सुरेश पद्मावत व चातुर्मास समिति के विजयलाल वेलावत व हेमेन्द्र वेलावत ने संयुक्त रूप से बताया कि इस दौरान आयोजित धर्मसभा में बालयोगी युवा संत श्रुतधरनंदी महाराज ने कहा कि तपस्या करते समय बिना पूछे कुछ भी नहीं लेना चाहिए। तपस्या करते समय आसक्ति में नहीं होना चाहिए। ये सब कार्य करके की जाने वाली तपस्या से कर्मो की निर्जरा होकर मन की हर मुराद पूरी होती है। ऐसा तप का मार्ग जो साधक अपनाते वह बहुत जल्द मुक्त हो जाते है। जो इच्छा हुई उसका निरोध करना तप कहलाता है। मुनिश्री ने कहा कि मंजिल तक पहुंचाने वाला पराक्रम सम्यक पराक्रम और मंजिल से भटकाने वाला पराक्रम मिथ्या पराक्रम है। हम सभी की मंजिल मोक्ष है जिसकी शुरूआत संवेग से होती है। संवेग से सम्यक पराक्रम की शुरूआत होती है। इससे निर्वेग की उत्पति होती है एवं संसार में रूचि खत्म होने लगती है। उन्होंने कहा कि धर्म श्रद्धा होने पर संसार के सुखों में आनंद की अनुभूति नहीं होती है। यदि हमारा मन संत से ज्यादा संतान में, स्थानक से ज्यादा घर में लगता है तो समझ लेना अभी हमारी धर्म श्रद्धा कमजोर है। जिसको खाने से अधिक आनंद तपस्या में आता है उसकी धर्मश्रद्धा मजबूत है।



चातुर्मास समिति के महावीर देवड़ा, पुष्कर जैन भदावत, दिनेश वेलावत व कमलेश वेलावत ने बताया सोमवार को बालयोगी युवा संत मुनि श्रुतधरनंदी महाराज के सान्निध्य में श्रावक-श्राविकाओं ने गमेर बाग धाम में बिराजित मूलनायक भगवान की नित्य नियम पूजा-अर्चना की। उसके बाद पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की। वहीं कई श्रावक-श्राविकाओं ने मुनि संघ से आशीर्वाद लिया। चातुर्मास समिति के भंवरलाल गदावत ने बताया कि मुनिश्री का पाद प्रक्षालन, दीप प्रज्जवलन, धर्मसभा के पूर्व शंतिधारा, अभिषेक, शास्त्र भेंट, चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन जैसे मांगलिक आयोजन हुए। शाम को सभी श्रावक-श्राविकाओं ने मुनि संघ की आरती की। इस अवसर पर अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, विजयलाल वेलावत, पुष्कर जैन भदावत, महावीर देवड़ा, दिनेश वेलावत, कमलेश वेलावत, भंवरलाल गदावत, रविश जैन, सुरेश पद्मावत, देवेन्द्र छाप्या, ऋषभ कुमार जैन, भंवरलाल देवड़ा, मंजु गदावत, लक्ष्मी देवड़ा, सीता देवड़ा, जयश्री देवड़ा, अल्का भदावत, लक्ष्मी सिंघवी, सुशीला वेलावत, बसन्ती वेलावत, भारती वेलावत, शिल्पा वेलावत, अल्पा वेलावत राजेश गदावत, विक्रमदेवड़ा, विजय गदावत, जितेंद्र जोलावत, भूपेन्द्र मुंडफोडा, रितेश बोहर सहित सकल जैन समाज के सैकड़ों श्रावक--श्राविकाएं मौजूद रहे।

# छठां दिन : सम्यग् दर्शन ही धर्म का प्रवेश द्वार हैं - आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर

## आयड़ जैन तीर्थ में अनवरत बह रही धर्म ज्ञान की गंगा

### संतों के सानिध्य में अष्ट प्रकार की पूजा-अर्चना की

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोगच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में रामचन्द्र सुरिश्वर महाराज के समुदाय के पट्टधर, गीतार्थ प्रवर, प्रवचनप्रभावक आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा द्वारा चातुर्मास काल के दौरान महाभारत पर प्रतिदिन प्रवचन दिए जा रहे है। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि सोमवार को आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में सुबह 7 बजे संतों के सानिध्य में ज्ञान भक्ति एवं ज्ञान पूजा, अष्ट प्रकार की पूजा-अर्चना की गई। वहीं नो दिवसीय नवपद की आयंबिल ओली सामूहिक आयोजन हो रहा है। आयड़ तीर्थ में 90 तपस्वी नवपद की आयंबिल ओली का सामूहिक तप कर रहे है।

नाहर ने बताया कि सोमवार को आयोजित धर्मसभा में आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर ने श्री नवपद की आराधना के छठे दिन नवपद की आराधना के विषय में बताया कि जैन शासन ने श्रद्धा गुण की व्याख्या ऐसी कि है कि सच क्या है और मिथ्या क्या है उसका विवेक करो और बाद में सच को ही सच मानो तथा मिथ्या को मिथ्या ही मानो यह है श्रद्धा। श्रद्धा को ही सम्यग्यदर्शन कहते है। सम्यग्य दर्शन के अभाव में कितने भी उपवासकरों, डायटिंग है तप नहीं, सम्यक दर्शन के अभाव में कितना भी दान करों खर्च ही है दान नहीं। सम्यक दर्शन के अभाव में दीक्षा भी ले लो व्यायाम ही है चारित्र नहीं। सम्यक दर्शन का महत्व स्थापित करते हुए उन्होने ककहां कि मानो कि सम्यकदर्शन मोक्ष का रिजर्वेशन है और सम्यक दर्शन रहित धर्म क्रिया बिना लायसेंस की ड्राइविंग है। नवपद की आराधना करने पर श्रीपाल राजा का कुष्ट नाश



हो गया ऐसे नवपद की आराधना का आज छठा दिन है और सम्यग् दर्शन की आराधना करती है। सम्चार दर्शन की आराधना से अशुद्ध भाव दूर हो जायेंगे, निर्मल भाव उदित होंगे और भावों की निर्मलता से भक्ति का निर्झर बहता है। सम्यग् दर्शन की आराधना ही मोक्ष मार्ग का सोपान है। दर्शन यानी जुद्धा, आस्था, विश्वास। जिस तरह से सुलसा जानिका को परमात्मा महावीर पर अटूट श्रद्धा थी। हमारी कोई भी क्रिया श्रद्धापूर्वक, विश्वासपूर्वक, आस्थापूर्वक होनी चाहिए। हम क्रिया तो करते हैं मगर द्रव्य क्रिया करते है। हमने कितनीटी बार मनुष्य भव प्राप्त किया, कितनी ही बार आराधना की, कितनी ही बार चारित्र ग्रहण किया, मेरु पर्वत जितने सोधे प्राप्त किये लेकिन अभी तक आत्मा का कल्याण नहीं हुआ।

नवपद ओली के लाभार्थी मनोहलाल, कंचनदेवी, नरेन्द्र कुमार, स्नेहलता, गौरव, मीनल, क्यारा, महेन्द्र अमिता सिंघवी परिवार एवं निर्मला देवी, डॉ. हेमंत- दिव्या, डॉ. शरद-डॉ सीमा, राज, फ्रेया, हरित कोठारी परिवार थे।

चातुर्मास समिति के अशोक जैन व प्रकाश नागोरी ने बताया कि इस अवसर पर कार्याध्यक्ष भोपालसिंह परमार, कुलदीप नाहर, अशोक जैन, प्रकाश नागोरी, सतीस कच्छारा, राजेन्द्र जवेरिया, चतर सिंह पामेचा, चन्द्र सिंह बोल्या, हिम्मत मुर्डिया, कैलाश मुर्डिया, श्याम हरकावत, अंकुर मुर्डिया, बिट्टू खाब्या, भोपाल सिंह नाहर, अशोक धुपिया, गोवर्धन सिंह बोल्या सहित सैकड़ों श्रावक--श्राविकाएं मौजूद रहे।

## सेवा, शिक्षा और आर्थिक सुदृढ़ता की भावना जीतो का मुख्य आधार - राज्यपाल कटारिया




पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । जैन समाज के राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर के अग्रणी संगठन जैन इन्टरनेशलन ट्रेड ओर्गेनाईजेशन (जीतो) उदयपुर चेप्टर की नवीन कार्यसमिति वर्ष 2024-26 का शपथग्रहण समारोह 100 फीट रोड़ स्थित सोलिटियर गार्डन में सम्पन्न हुआ। उदयपुर चेप्टर अध्यक्ष यशवंत आंचलिया ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने की। समारोह में विशिष्ठ अतिथि उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन थे। सम्मानित अतिथि के रूप में जीतो उदयपुर के मार्गदर्शक राजकुमार फत्तावत, नरेन्द्र सिंघवी थे। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष विनोद फान्दोत ने पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं पिछले दो वर्षों में जीतो द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके बाद मुख्य अतिथि कटारिया ने अध्यक्ष यशवंत आंचलिया एवं कार्यसमिति को शपथ दिलाई ! महिला विंग की अध्यक्षा अंजली सुराणा एवं पदाधिकारियों को उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने शपथ दिलाई । युथ विंग अध्यक्ष दिव्यद दोशी एवं पदाधिकारियों को उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर राहुल जैन ने बताया कि जेएटीएफ के द्वारा उन्होंने आईएएस की परीक्षा उतीर्ण की और कहां कि उनकी शिक्षा में जीतो का बहुत बड़ा योगदान रहा है। ताराचंद जैन ने सेवा शिक्षा के कार्यो एवं आर्थिक सुदृढ़ता के क्षेत्र में जीतों द्वारा किए गए कार्यो की प्रशांस की और विश्वास जताया कि आगामी समय में जीतो उदयपुर के जैन समाज ही नहीं वरन् सम्पूर्ण मानव समाज के लिए कोई ठोस प्रोजेक्ट लाकर समाज की उन्नति का आधार स्तंभ बने । मुख्य अतिथि कटारिया ने कहां कि सेवा, शिक्षा एवं आर्थिक सुदृढ़ता के उद्देश्यों को लेकर आज से 17 वर्ष पूर्व जीतो की स्थापना हुई तब से वो जीतों के कार्यो के निरन्तर साक्षी रहे है और जीतों जिस तरह से श्रमण आरोग्यम, जेएटीएफ, जीतो बिजनेस नेटवर्क, जीतो एजुकेशन असिस्टेंस प्रोग्राम आदि विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से समाज को शशक्त करने का कार्य कर रहा है जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने उसी दिशा में आंचलिया के नृतत्व में अगले दो वर्षो में और अच्छे से कार्य हो, यह आशा जताई। कार्यक्रम के अंत में गुलाब चंद कटारिया को उनके 81 वे जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर 81 किलो फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। धन्यवाद उपाध्यक्ष नितुल चण्डालिया ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन आलोक पगारिया ने किया।

मुख्य सचिव अभिषेक संचेती ने बताया कि अध्यक्ष श्री यशवन्त आंचलिया ने नवीन कार्यसमिति में कमल नाहटा, नितुल चण्डालिया, श्याम नागोरी उपाध्यक्ष, प्रतिक हिंगड़ कोषाध्यक्ष, अरूण माण्डोत, भूपेन्द्र चोरडिया, सुधीर चित्तौड़ा सचिव, आलोक पगारिया, अनिल हाथी, अनिल मेहता, अनिल नाहर, दिनेश सिंघवी, गुणवंत वागरेचा, मनीष कटारिया, राजेश खमेसरा, संजय भण्डारी, तुषार मेहता, यशवंत कोठारी, योगेश पिछालिया को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया। वहीं जीतो लेडिज विंग के लिए अंजलि सुराणा अध्यक्षा, ऋद्धु सुराणा मुख्य सचिव, रेखा नवलखा व सुशीला मेहता उपाध्यक्ष, अर्चना जैन व वीनु बोर्दिया सचिव, अंकिता करणपुरिया कोषाध्यक्ष, जीतो यूथ विंग लिए दिव्यद दोशी अध्यक्ष, विनय कोठारी मुख्य सचिव, साहिल नवलखा व प्रणय फ़त्तावत उपाध्यक्ष, हर्षित सिंघटवाडिया कोषाध्यक्ष, उमंग जैन व काम्या बोलिया सचिव मनोनीत किया गया।

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लिए जागरूकता कैम्प

### डिस्कॉम के अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को बताए योजना के लाभ

पदमावत मीडिया

**अजमेर।** सौर ऊर्जा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत अजमेर पुलिस लाइन में आज पीएम-सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में एक इंटरैक्टिव प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता आरसी गजराज ने पुलिसकर्मियों को सौर ऊर्जा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, सब्सिडी की जानकारी दी और बिजली बचत व उपयोग को आसान गणना कर समझाया।

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं»

सौर ऊर्जा के फायदे » पुलिसकर्मियों ने सौर ऊर्जा के फायदों के बारे में जाना और इसके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

रूबरू जानकारी » पुलिसकर्मियों



ने रूफ टॉप सोलर वेंडर्स से अपनी आवश्यकता अनुसार सोलर प्लांट लगाने और बैंकिंग लोन सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की।

सामाजिक प्रभाव » पुलिसकर्मी निगम के उपभोक्ता और जागरूक राजकीय कार्मिक होने के नाते आज के अनुभव व सूचनाओं को अपने घर परिवार व समाज में साझा करेंगे, जिससे अन्य उपभोक्ताओं को भी लाभ मिलेगा।

सरकारी समर्थन » संचित निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन श्री रोशन ने बढ़ती हुई बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा अपने की आवश्यकता के बारे में बताया और सरकारी भवनों परिसरों के सौर ऊर्जा उपयोग पर भी चर्चा की।

इस अवसर पर सहायक अभियंता प्रतीक शर्मा और टाटा पावर से उनके प्रतिनिधि भूपेंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे।

## देवनानी ने पूर्व सांसद श्री पिलानिया के निधन पर गहरा दुःख जताया

पदमावत मीडिया

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पूर्व सांसद ज्ञान प्रकाश पिलानिया के निधन पर गहरा दुःख जताया है। देवनानी ने कहा है कि पिलानिया समाज सुधार के कार्यो में लगे रहते थे। वे स्नेह की प्रतिमूर्ति थे। वे हिम्मत वाले व्यक्ति थे। वे कुशल प्रशासक थे। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक और राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य रहने के दौरान उन्होंने अपनी प्रशासनिक कुशलता का परिचय दिया था। देवनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतृप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

## सुखेर थाना क्षेत्र में स्थित सुखदेवी माता जी के मन्दिर में हुई चैन स्नैचिंग टिना का खुलासा

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । मोडूराम सेन ने थाना सुखेर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बेदला माताजी मंदिर में दर्शन के दौरान उनकी 90 वर्षीय माताजी की सोने की चेन एक अज्ञात महिला द्वारा छीनी गई। पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा और वृताधिकारी कैलाश चन्द्र के निर्देशन में थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। तकनीकी और मुखबिर की सहायता से स्पेशल टीम, जिसमें कन्हैयालाल, नारायणसिंह, अचलाराम, रोहिताष, और गायत्री शामिल थे, ने रूपनगर कच्ची बस्ती की निवासी 50 वर्षीय श्रीमति कालबेलिया को डिटेन किया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया और चेन बरामद कर ली गई।

आरोपिया मंदिर और भीड़--भाड़ वाले इलाकों में बुजुर्ग महिलाओं की रैकी कर चेन लूटती थी।

## संघ समाज मे संस्कार व देशभक्ति की भावना भरने का कार्य कर रहा है - पुलक सागर जी महाराज

### इंडिया गुलामी का प्रतीक है हमें भारत ही बोलना चाहिए - पुलक सागर जी महाराज

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । ऋषभदेव भगवान की पावन धरा पर आरएसएस का विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ, कार्यक्रम की शुरुआत मे संचलन निकला जिसमें पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने घोष के वाहन के साथ कदम से कदम मिलाकर नगर संचलन किया।नगर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, समाज के प्रबुद्ध जन, व मातृशक्ति ने जगह जगह स्वागत सत्कार किया। संचलन में कुछ दूरी तक पूज्य राष्ट्रीय संत पुलक सागर जी गुरुदेव भी संचलन के आगे चले। संचलन टाउन हॉल मैदान से शुरू होकर नगर भ्रमण के बाद पुनः टाउन हॉल पहुंचा, जहाँ पुलक सागर जी महाराज व निम्बाराम जी क्षेत्रीय प्रचारक के द्वारा सर्वप्रथम शस्त्र पूजन हुआ, उन्होंने संघ के 100 वें वर्ष में प्रवेश के साथ ही प्रत्येक मंडल,व ग्राम स्तर तक शाखाओ की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। शाखाओ के माध्यम से व्यक्ति निर्माण का कार्य चल रहा है, समाज मे विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्य को आज करने की आवश्यक्ता है।निम्बाराम जी ने कहा छुआछूत ऐसी गंभीर बीमारी है इसे खत्म कर प्रत्येक हिन्दू को गले लगाना होगा, हमें संयुक्त परिवार को बढ़ावा देना होगा,आगामी 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा के 150 वी जन्म जयंती वर्ष पर सभी समाज मिलकर के महापुरुष की जयंती मनाए। बिरसा मुंडा ने समाज जागरण के।लिए अपना सर्वस्व जीवन लगा दिया। अहिल्याबाई होलकर ने समाज के लिए श्रेष्ठ कार्य किया आज उनकी 350 वीं जन्म जयंती पर्व को सभी मिलकर मनाएं, उन्होंने कहा की महापुरुष किसी



एक समाज के नही होते, वे सभी के होते है। अंत में उन्होंने समाज में पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, समरसता एवं स्वदेशी के विषय भी व्यक्तिगत व परिवारों में ले जाने की आवश्यकता बताते हुए कहाँ की इन प▪ परिवर्तन से एक सशक्त समाज और समाज से समृद्ध राष्ट का निर्माण होगा। उन्होंने एक गीत संस्कृति सबकी एक चिरंतन खून रगों में हिन्दू है... की पंक्ति का गान करते हुए अपने विचार रखे। समापन पर पूज्य संत पुलक सागर जी ने



कहा भारत शक्तिशाली राष्ट बना है जिसमे संघ की बड़ी भूमिका है, देश भक्ति, अनुशासन, चरित्र व सत्यनिष्ठा स्वयंसेवकों से सीखनी चाहिए, संघ किसी पार्टी, जाति या धर्म का विरोधी नही है। प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए राष्ट प्रथम है, देश के पतन का कारण संस्कृति, सभ्यता, भाषा, व संस्कार समाप्त होने से है, भारत को खतरा दुश्मनों से नहीं भारत मे रहने वाले षड़यंत्रकारी तत्वों से है, षड़यंत्रकारी शक्तियां हिन्दू समाज को जातियों मे बाटने का कुत्सित प्रयास कर रहे है । स्वयंसेवक इनकी मंशा को सफल ना होने देंगे, इंडिया गुलामी का प्रतिक है हमें भारत ही बोलना चाहिए, भारत जमीन का टुकड़ा नहीं हम सब भारत है, मै संचलन मे चला तो ऐसा लगा पूरा देश मेरे साथ चल रहा है।

इस अवसर पर समाज के कई प्रबुद्धजन ,मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) | सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।